Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to include fishery industry in Agriculture Sector.

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर): अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र पालघर समुद्र तटीय होने के कारण वहां के जीवन यापन का मुख्य स्त्रोत मात्सियकी व्यापार है । अभी सरकार के द्वारा मात्सियकी का अलग मंत्रालय बनाने पर व्यापार को एक नया आयाम मिलेगा ।

महोदय, मेरा कहना है कि जब तक मात्सियकी व्यवसाय को कृषि का दर्जा नहीं मिलता है, यह व्यापार उपेक्षित महसूस करेगा और तमाम सरकारी सुविधा से वंचित रहेगा । मैं सदन में आपके माध्यम से मंत्री महोदय को इस व्यापार से जुड़ी कुछ मुख्य बातों से अवगत कराना चाहता हूं ।

मच्छीमार नौकाओं को डीजल की कीमतों में हर साल बढ़ोतरी होने की वजह से भारी नुकसान उठाना पड़ता है । अभी डीजल में जो तीन रुपये प्रति लीटर सब्सिडी मिलती है, उसे बढ़ाकर पांच रुपये प्रति लीटर करके इस बार के बजट में सुविधा दी जाए ।

महोदय, मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट ने भाऊचा धक्का मुम्बई का एकमेव बंदरगाह होते हुए भी उसे अप्रैल, 2019 से वाहतुक बंद करके मछुआरों की सभी सुविधाएं जैसे कि डीजल, पानी, मच्छी की बिक्री बंद कर दी है, लेकिन उसे दुरुस्त करने के लिए कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है । सितम्बर महीने से महुआरों का सीज़न शुरू होगा, इसलिए मंत्री जी से विनती है कि इन समस्याओं का पर्याय रास्ता निकालना चाहिए और जल्द से जल्द निर्णय लेकर बंदरगाह चालू किया जाए ।